हरिभूमि
# रेवाड़ी भूमि
रोहतक, मंगलवार, 26 अगस्त 2025

तापमान
अधिकतम 30.0 डिग्री
न्यूनतम 21.5 डिग्री

11 स्वच्छता को लेकर सीएम नायब सैनी हुए सजग, प्रशासन ने तैयार किया अभियान का रोडमैप



12 ट्रांसमिशन लाइन का लाइटनिंग अरेस्टर फटा, देर रात तक दो सब पावर हाउस रहे बंद, तीन दर्जन गांवों में छाया रहा अंधेरा



## खबर संक्षेप

### युवक के साथ मारपीट का केस दर्ज

**नांगल मूंदी।** थाना खोल पुलिस ने एक युवक के बयान पर कई लोगों के खिलाफ मारपीट करने और धमकी देने का केस दर्ज किया है। पुलिस बयान में मूंदी निवासी अनिल ने बताया कि वह रात के समय होटल से खाना लाने के लिए गया था। रास्ते में स्कॉर्पियो गाड़ी में सवार कई लोगों ने उसे रोककर सरपंच का पता पूछा। इसके बाद उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया। यह लोग उसे धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने उसके बयान पर केस दर्ज करने के बाद आरोपियों की तलाश शुरू कर दी।

### सड़क हादसे का आरोपी चालक गिरफ्तार

**बावल।** थाना कसोला पुलिस ने 12 अगस्त को हुए सड़क हादसे के आरोपी वाहन चालक को गिरफ्तार किया है। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी। चालक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया था। पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद कार चालक की तलाश शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने रेवाड़ी के अजय नगर निवासी नरेश को गिरफ्तार कर लिया। उसकी स्विफ्ट कार भी पुलिस ने कब्जे में ले ली। बाद में आरोपी को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

### अभय चौटाला 1 सितंबर को आएंगे

**रेवाड़ी।** इनेलो सुप्रीमो अभय सिंह चौटाला 1 सितंबर को रेवाड़ी आएंगे। वह 25 सितंबर को रोहतक में होने वाले चौ. देवीलाल जयंती समारोह के लिए लोगों को निमंत्रण देंगे। इनेलो के जिलाध्यक्ष डा. राजपाल यादव ने बताया कि अभय सिंह चौटाला के आगमन पर रेवाड़ी में एक बड़ी जनसभा की जाएगी। इसके लिए बैठक बुलाकर पार्टी पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने अभय के आगमन पर लोगों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने की अपील की है।

### मारपीट मामले का आरोपी काबू

**कसोला।** थाना कसोला पुलिस ने मारपीट करने और धमकी देने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने पीड़ित के बयान पर 5 अगस्त को बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। पीड़ित ने उसके साथ मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में जींद के दखनिया मोहल्ला निवासी सुमित वर्मा को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उसे पुलिस बेल पर छोड़ दिया गया।

### सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने वाले धरे

**कुंड।** थाना खोल पुलिस ने मारपीट करने और सरकारी कार्य में बाधा पहुंचाने के मामले में दो और आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इससे पूर्व पुलिस तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। पुलिस ने वन विभाग के कर्मचारी पर हमला करने के आरोप में 22 अगस्त को विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। तीन आरोपियों को एक दिन पूर्व ही काबू कर लिया था। अब पुलिस ने मनेठी निवासी वरुण और महेंद्रगढ़ के गणियार निवासी अजय को गिरफ्तार किया है। दोनों को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया गया।

### मारपीट मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**रेवाड़ी।** थाना मॉडल टाउन पुलिस ने मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने अस्पताल मेंउपचाराधीन घायल के बयान पर गत 19 अगस्त को आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत केस दर्ज किया था। घायल ने मारपीट करने और धमकी देने के आरोप लगाए थे। इस मामले में पुलिस ने आसलवास निवासी रितेश और प्रदीप को गिरफ्तार कर लिया। बाद में दोनों को पुलिस बेल पर रिहा कर दिया गया।

---

### अगले साल से बढ़ने लगेगा फलों का उत्पादन, रकबा बढ़ने की जताई जा रही संभावना

# खजूर पर अब फल नहीं लागे अति दूर, चार साल पहले लगाए गए बाग, अगले साल तैयार हो जाएंगे फल

- दक्षिणी हरियाणा की रेतीली जमीन में खजूर की खेती किसानों को कर सकती है मालामाल

नरेन्द्र वत्स ▶▶| रेवाड़ी





रेवाड़ी। जैनाबाद गांव में लगा खजूर का बाग, जैनाबाद के खेत में लगे खजूर के पौधे। फोटो :हरिभूमि

प्रदेश सरकार की जिले में बागवानी को बढ़ावा देते हुए खजूर उत्पादन पर जोर देने की नीति रंग लगाने लगी है। बाग लगाने के लिए लगभग आधी लागत की सब्सिडी देने से रेगिस्तान में नजर आने वाली खजूर की फसल अब जिले के खेतों की शोभा बढ़ाने लगी है। चार साल पहले जैनाबाद में लगाए गए बाग में खजूर के पेड़ों पर अगले साल फल आना शुरू हो जाएगा। एक बार तैयार होने के बाद खजूर का पेड़ लगभग 60 साल तक उत्पादन देता है, जो किसानों की आमदनी बढ़ाने में कारगर साबित हो सकता है। बागवानी विभाग ने खजूर को बढ़ावा देने के लिए तीन किश्तों में दी जाने वाली सब्सिडी की राशि अब दो किश्तों में ही देने का निर्णय लिया है, जिससे किसानों में इसके प्रति रुझान और बढ़ सकता है। जिले में लगाए गए खजूर के बागों में से एक जैनाबाद निवासी राज राव के बाग में अगले साल फल तैयार होने शुरू जाएंगे। अच्छी आय होने की स्थिति में दूसरे किसान भी खजूर उत्पादन की ओर कदम बढ़ा सकेंगे। बागवानी विभाग की ओर से जिले में बागवानी को बढ़ावा देने के लिए लगभग चार साल पहले प्रति एकड़ खजूर की खेती करने पर 1.40 लाख रुपये सब्सिडी देने का प्रावधान किया था। पहले यह सब्सिडी तीन किश्तों में दी जाती है, परंतु इस साल इसे दो किश्तों में कर दिया गया है। बागवानी विभाग के अथक प्रयासों के चलते चार साल के दौरान जैनाबाद, धारण, हरजीपुर, गांगोली व बालधन में किसानों ने खजूर के बाग लगाए हैं। जैनाबाद में लगाए गए खजूर के बाग में पांच साल पूरे होने के बाद अगले साल से खजूर उत्पादन शुरू हो जाएगा। पहले साल उत्पादन कम रहेगा, जबकि इसके बाद साल-दर साल उत्पादन बढ़ता चला जाएगा। अगर बागवानी उत्पादक किसान को अच्छी आय होती है, तो उसे देखते हुए दूसरे किसान भी बाग लगाने के लिए आगे आ सकते हैं। बागवानी विशेषज्ञों के अनुसार दक्षिणी हरियाणा की रेतीली जमीन में खजूर की खेती किसानों को मालामाल कर सकती है। बागवानी के नाम पर किसान अमरूद, किन्नू व नींबू की फसलों पर जोर देते हैं। इनकी संख्या भी जिले में काफी कम है। बागवानी विभाग क्षेत्र की जमीन में खजूर के उत्पादन को बढ़ाने की संभावनाएं तलाश रहा है।

#### जमीन और जलवायु दोनों मान रहे सही

बागवानी विभाग की ओर से प्रदेश में खजूर की उत्पादन बढ़ाने की दिशा में चार साल पहले प्रयास शुरू कर दिए गए थे। यह फसल रेतीली और कालर भूमि पर भी तैयार हो जाती है। बंजर भूमि पर भी इस फसल से किसान अच्छा मुनाफा कमा सकते हैं। खजूर के पौधे को तैयार होने के लिए 30 डिग्री और फसल पकने के लिए 45 डिग्री सेल्सियस तापमान की जरूरत है। इस क्षेत्र में इसी तरह का तापमान बना रहता है। सर्दी के समय पौधों को बचाने की आवश्यकता जरूर पड़ती है। सरकार ने इस क्षेत्र की जमीन और जलवायु को देखते हुए खजूर की फसल के लिए ज्यादा अनुदान देने का निर्णय लिया है।

#### अच्छी कमाई के लिए बागवानी माध्यम

बागवानी विशेषज्ञों का मानना है कि इस क्षेत्र की जमीन और जलवायु खजूर उत्पादन के लिए बिल्कुल सही है। सबसे बड़ी बात यह है कि अधिक लवणीय क्षेत्रों में जहां खारी पानी के कारण सरसों और गेहूं की फसलें नहीं होती, वहां बागवानी से किसान अच्छी कमाई कर सकते हैं। जिले में अभी तक करीब साढ़े 3 हजार हेक्टेयर भूमि पर बागवानी की जाती है। खेती में रूचि रखने वाले किसान खेतों में फलदार पौधे और नींबू प्रजाति के पौधे लगाते हैं, जो अधिक लवण वाली जमीन में भी तैयार हो जाते हैं। योजना के शुरू में जिले में दो किसानों ने ही खजूर के बाग लगाए थे, जिनकी संख्या अब 6 हो चुकी है।

#### लागत ज्यादा होने से रुझान कम



*खजूर के बाग लगाने पर किसानों को प्रति एकड़ 3 लाख रुपये तक खर्च करने पड़ते हैं। सरकार की ओर से 1.40 लाख रुपये सब्सिडी दी जा रही है। ज्यादा लागत होने के कारण आम किसान इसमें दिलचस्पी नहीं दिखा रहे हैं। पहले लगाए गए बागों से अच्छी आय होने की सूरत में किसानों का रुझान बढ़ेगा।*

*-डा. मंदीप यादव, जिला बागवानी अधिकारी।*

#### अब दो किश्तों में ही दी जा रही सब्सिडी

पहले किसान को पौधे लगाते समय पहली किस्त के रूप में 80 हजार रुपये दिए जाते जाते थे। दूसरे और तीसरी साल में 28-28 हजार रुपये दिए जाते थे।अब किसानों की सुविधा के लिए यह राशि दो किश्तों में ही दी जा रही है। बागवानी विशेषज्ञों के अनुसार एक एकड़ में खजूर के 62 पौधे लगाए जाते हैं। पौधे से पौधे की दूरी 25 फीट होती है। सरकार की शर्त है किसान नेशनल हॉर्टिकल्चर लैब की नर्सरियों से ही पौधे खरीदेंगे। इन पौधों में 3 नर और 59 पौधे मादा लगाए जाते हैं। एक पौधे की कीमत 4 से 4.5 हजार रुपये तक होती है। खजूर के पौधे लगाए जाने के बाद नष्ट होने की आशंका कम होती है।

#### उत्पादन शुरू होने के बाद अच्छी आय

खजूर के पौधे लगाने के बाद इनसे पांचवे साल उत्पादन शुरू हो जाता है। प्रति पेड़ 70 से 100 किलोग्राम तक खजूर पैदा होते हैं, जिससे एक एकड़ में 50 क्विंटल तक खजूर पैदा होने की संभावना होती है। बाजार में इसे जैम, चटनी, अचार और बेकरी उत्पादों में यूज किया जाता है, जिससे इसका भाव अधिक होता है। जैनाबाद के बाग में अगले साल से खजूर उत्पादन शुरू हो जाएगा। पहले साल उत्पादन अपेक्षाकृत कम होता है, परंतु बाद में उत्पादन बढ़ने लग जाता है। खजूर के बाग में किसान दूसरी फसलों की खेती भी सकते हैं।

---

## ऑनलाइन टास्क के नाम पर लाखों की ठगी का आरोपी काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

साइबर थाना पुलिस ने ऑनलाइन टास्क के बदले मोटी कमाई का लालच देकर महिला को 3.54 लाख रुपये की ठगी का शिकार बनाने के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। उसे कोर्ट में पेश करने के बाद न्यायिक हिरासत के तहत जेल भेज दिया गया।

गत 21 जुलाई को साइबर थाना पुलिस को दर्ज शिकायत में जयमाला भवन नसियाजी रोड निवासी अनुजा जैन ने बताया था कि उसने पति अमित जैन की टेलीग्राम आईडी से एक महिला की आईडी पर बातचीत शुरू की थी। उसे टास्क खेलकर पैसा कमाने के बारे में बताया गया था। कमाई के चक्कर में उसने अपने पति की आईडी व अन्य जानकारी देते हुए टास्क खेलना शुरू कर दिया। शुरू में उससे 1010 रुपये जमा कराए गए, जिसके बदले 1513 रुपये उसके खाते में भेजे गए। इसके बाद उसने 3010 रुपये बताए गए नंबरों पर ट्रांसफर किए, तो उसे बदले में 4313 रुपये दिए गए। तीसरी बार उससे 7100 रुपये जमा कराए गए, जिसके बदले कुछ नहीं मिला। बातचीत करने पर उसे बताया गया कि उसने टास्क गलत कर दिया है, इसलिए उसे 28960 रुपये जमा कराने होंगे। अनुजा जैन ने बताया कि बाद में उसे झांसे देकर कई ट्रांजेक्शन के जरिए 354252 रुपये जमा करा लिए गए। उसके पति के खाते में पैसा नहीं होने पर पति के दोस्त और उसके बेटे के खातों से भी रकम ट्रांसफर करा दी। उससे और पैसा जमा कराने की डिमांड की गई, तो उसे ठगी का पता चला।



रेवाड़ी। ठगी के आरोप में काबू किया युवक पुलिस टीम के साथ।

#### आरोपी के खाते में गए थे 45 हजार रुपये

साइबर थाना पुलिस ने उसकी शिकायत पर केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की थी। जांच के बाद पुलिस ने इस मामले में लखनऊ के नई बस्ती नबी उल्लाह रोड वजीरगंज निवासी तौसीब अहमद को गिरफ्तार किया है। उसके खाते में ठगी के 45 हजार रुपये ट्रांसफर हुए थे। पुलिस ने आरोपी को कोर्ट में पेश करने के बाद जेल भेज दिया। पुलिस ने इस मामले में पूछताछ के बाद अन्य आरोपियों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

## पुलिस की नाक तले चोरों का उत्पात, कई दुकानों के ताले काटकर चोरी

- कुंड पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर वारदात

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कुंड

स्थानीय पुलिस चौकी से चंद कदम की दूरी पर रविवार की रात चोरों ने कुंड बस स्टैंड पर जमकर उत्पात मचाया। चोरों ने 8 दुकानों के ताले काटकर लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया। सांप निकलने के बाद लकीर पीटने की तर्ज पर पुलिस ने केस दर्ज करने के बाद जांच शुरू की दी। रविवार देर सायं मनेठी उप तहसील और आईटीआई कुंड के पास बनी दुकानों के मालिक दुकान बंद करने के बाद अपने घरों को चले गए। सुबह जब दुकानदार अपनी दुकानों पर पहुंचे, तो उनके पैरों तले की जमीन खिसक गई। दुकानों के ताले कटर मशीन से काटे हुए थे। चोरों ने 8 दुकानों के ताले काटकर उनमें रखा सामान चोरी कर लिया। जिन दुकानदारों की दुकानों को चोरों ने निशाना बनाया, उनमें श्रीभगवान हलवाई, देवकरण साइबर कैफे, इंदिरा जनरल स्टोर, सुभाष चाय की दुकान, दीपक सैनी सब्जी विक्रेता और रामौतार सैनी सहित 8 दुकानदार शामिल हैं। चोरों ने नकदी और सामान समेत लगभग 2 से 3 लाख रुपये का नुकसान कर दिया। एक के बाद एक दुकानदार पुलिस चौकी को शिकायत दर्ज कराने के लिए पहुंच गए। दुकानदारों की सूचना के बाद पुलिस की नींद टूटी तो मौका मुआयना करने के बाद जांच शुरू की गई।



कुंड। बस स्टैंड पर हुई चोरी की वारदात से प्रभावित दुकानदार। फोटो :हरिभूमि



कुंड। सीसीटीवी फुटेज में कटर से ताला काटता हुआ चोर। फोटो :हरिभूमि

#### सीसीटीवी कैमरे में नजर आया चोर

आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में एक चोर चोरी करते हुए नजर आया है। उसने मुंह को कपड़े से ढांपा हुआ है, जिस कारण उसकी पहचान नहीं हो सकी है। वह हाथ में ली हुई कटर से ताला काटकर दुकान में प्रवेश करता हुआ नजर आ रहा है। दुकानदारों ने आरोप लगाया कि पुलिस की निष्क्रियता के चलते चोरों ने वारदात को अंजाम दिया है। चंद मिनट की दूरी पर पुलिस चौकी होने के बावजूद चोरों का वारदात को अंजाम दिया जाना पुलिस की कार्यशैली और रात्रि गश्त पर सवालिया निशान लगा रहा है।

### रजिस्ट्रार ने किया रीजनल सेंटर का निरीक्षण

**कोसली।** कृष्ण नगर गांव स्थित भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. डा. शिवालिक यादव ने सोमवार को रीजनल सेंटर का निरीक्षण कर केंद्र की कार्यप्रणाली और सुविधाओं का जायजा लिया। निदेशक डा. यशपाल शर्मा व डा. अनिल कुमार यादव ने उन्हें रीजनल सेंटर की सुविधाओं और समस्याओं से अवगत कराया क रजिस्ट्रार ने केंद्र में चल रही शैक्षणिक गतिविधियों की समीक्षा की और उनके सुधार के लिए सुझाव दिए। रजिस्ट्रार ने केंद्र के अधिकारियों और कर्मचारियों को केंद्र के विकास के लिए काम करने के लिए प्रोत्साहित किया। भगत फूल सिंह महिला विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार प्रो. शिवालिक यादव के निरीक्षण से केंद्र की कार्यप्रणाली में सुधार होगा और छात्राओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। इस प्रकार के निरीक्षण से विवि के विकास में मदद मिलती है और छात्रों के लिए बेहतर अवसर प्रदान किए जा सकते हैं।

## मोबाइल से भरा कंटेनर लूटने का एक और आरोपी गिरफ्तार

- कोर्ट से चार दिन के रिमांड पर लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

सीआईए धारूहेड़ा इंचार्ज निरीक्षक योगेश हुड्डा की टीम ने करीब तीन साल पहले दिल्ली-जयपुर हाइवे पर असाही पुल के निकट कंटेनर चालक को बंधक बना कर मोबाइल से भरे कंटेनर को लूटने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान मध्य प्रदेश के जिला देवास के गांव टोंक कलां निवासी अंकुर झाला उर्फ अंकु के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में 16 आरोपियों को पहले गिरफ्तार कर चुकी है। 28 मई 2022 को बावल स्थित डीबीजी टेक्नोलॉजी कंपनी की सहायक महाप्रबंधक उर्वशी शर्मा ने अपनी शिकायत में बताया था कि 27 मई 2022 की रात को उनकी कंपनी से कंटेनर में मोबाइल लोड करके भेजे गए थे। चालक कृष्ण कंटेनर लेकर बावल से नोएडा के लिए रवाना हुआ था। जब उनका कंटेनर दिल्ली-जयपुर हाइवे पर असाही पुल के निकट पहुंचा तो एक महिंद्रा टीयूवी गाड़ी में सवार कुछ बदमाशों ने उसे रास्ते में ही रोक लिया। कंटेनर के रुकते ही गाड़ी से उतरे कुछ युवक कंटेनर के केबिन में घुस गए और चालक को बंधक बनाकर उन्होंने अपनी गाड़ी में डाल लिया। इसके बाद बदमाश मोबाइल से भरे कंटेनर को लेकर फरार हो गए। बदमाश चालक को रोहतक के पास फेंक गए थे। कंटेनर में जीपीएस लगा हुआ था। जो जीपीएस की लोकेशन के अनुसार कंटेनर एक होटल के पास खाली खड़ा हुआ मिल गया था। जिस पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ थाना कसौला लूट का मामला दर्ज करके मामले में संलिप्त 16 आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे वारदात में प्रयोग की गई दो छोटी गाड़ी, दो ट्रक व 5.7 लाख रुपये बरामद किए थे। जो इस मामले में सीआईए धारूहेड़ा ने रविवार को मामले में संलिप्त एक और आरोपी मध्य प्रदेश के जिला देवास के गांव टोंक कलां निवासी अंकुर झाला उर्फ अंकु को भी गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने आरोपी को पेश अदालत करके पूछताछ के लिए चार दिन के पुलिस रिमांड पर लिया है।

---

### पारा गिरने से मिली उमस भरी गर्मी से राहत, जल्द मौसम साफ होने की अभी संभावना नहीं

# लगातार तीसरे दिन भी झमाझम बारिश, जलभराव से शहर परेशान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

अगस्त माह के अंत में लगातार तीसरे दिन भी झमाझम बारिश होने से लोगों को उमस भरी राहत मिल गई। मौसम का मिजाज ठंडा पड़ गया। जिले में औसत 100 एमएम से ज्यादा बारिश होने का अनुमान है। तेज हवाओं के साथ होने वाली बारिश से बाजरे की फसल जमीन की ओर झुकने लगी है, जिससे फसल नुकसान की आशंका बन गई है। शहर में जलभराव से लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। माह के अंत तक बारिश या बूंदाबांदी का सिलसिला जारी रह सकता है। रविवार रात जिले के कई भागों में हल्की से मध्यम बारिश हुई। सोमवार को सुबह से ही आसमान में बादलों के बीच बूंदाबांदी शुरू हो गई। दोपहर के समय भी जिले के कई भागों में बारिश हुई। बारिश के कारण तापमान में गिरावट आने से लोगों को उमस भरी गर्मी से कुछ हद तक राहत मिल गई है। अधिकतम तापमान 2.5 डिग्री सेल्सियस गिरकर 30.0 डिग्री पर आ गया। न्यूनतम तापमान 1.1 डिग्री की वृद्धि के साथ 21.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हवा में नमी का स्तर 80 फीसदी तक रहा, जबकि हवा की गति 15 किमी प्रति घंटा रही। कई दिनों से बारिश के बावजूद लोग उमस भरी गर्मी का सामना कर रहे थे। बीते तीन दिनों के अंतराल में औसम 100 एमएम बारिश होने का अनुमान लगाया जा रहा है, जबकि बारिश का सिलसिला अभी रुका नहीं है। मौसम विभाग के अनुसार पश्चिमी विक्षोभ की सक्रियता के चलते अगले दो-तीन दिन तक आसमान में बादलों के बीच हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। एक सप्ताह तक आसमान साफ होने की संभावना नहीं है। इस दौरान तापमान में उतार-चढ़ाव बना रहेगा। सोमवार को शाम के समय भी जिले के कई भागों में बूंदाबांदी और हल्की बरसात हुई। बारिश का दौर मंगलवार को भी जारी रह सकता है। नालों की सफाई के चलते बारिश का पानी निकलने में ज्यादा समय नहीं लग रहा, परंतु निचले इलाकों में एकत्रित पानी से लोगों को परेशानी हो रही है। कई जगह सड़कों पर बरसाती पानी एकत्रित हो गया है। टूटी सड़कों में भरा पानी दुपहिया वाहन चालकों और पैदल राहगीरों के लिए आफत बना हुआ है। बारिश के बाद सफाई व्यवस्था भी बदहाल नजर आने लगी है। ज्यादा बारिश होने से जलभराव की समस्या और गहरा सकती है।



रेवाड़ी। बारिश के कारण जमीन की ओर झुकी हुई बाजरे की फसल।

#### बाजरे की फसल जमीन की ओर झुकी

बाजरे की फसल बारिश के बाद जमीन की ओर झुकने लगी है। तेज हवाओं के साथ होने वाली बारिश से फसल पूरी तरह जमीन पर गिर सकती है, जिससे किसानों को नुकसान उठाना पड़ सकता है। बाजरे की फसल पककर तैयार हो रही है, जिससे फसल पर दानों का वजन बढ़ गया है। पकी हुई फसल के दाने भी बरसात से भीगकर खराब हो सकते हैं, जिससे फसल उत्पादन में कमी आने की आशंका बन गई है। किसान जल्द मौसम साफ होने की उम्मीद कर रहे हैं।

हरिभूमि

# सहेली



आमतौर पर महिलाएं चाहे वर्किंग हों या होममेकर, खुद के लिए समय नहीं निकाल पातीं। पति, बच्चे, सास-ससुर की देखभाल, उनकी डिमांड पूरी करने और घर-बाहर की जिम्मेदारियों को निभाते हुए उन्हें अपने लिए कुछ करने की जरूरत ही महसूस नहीं होती है। जबकि सच्चाई यह है कि मी टाइम खुद को खुश रखने का जरिया होता है और दूसरों को खुश रखने के साथ खुद को खुश रखना भी जरूरी होता है।

## बिजी रूटीन में भी जरूर निकालें मी टाइम

लाइफस्टाइल

चेतना झा

आयुषी अपनी सहेली नीलम से फोन पर बात कर रही थी। उसे लगा कि नीलम कुछ सुस्त है। उसने पूछा, 'नीलम तू बीमार है क्या?' इस पर नीलम बोली, 'नहीं यार, सुबह से शाम तक इतना काम रहता है कि शाम तक लो फील होने लगता है।' आयुषी ने सलाह दी, 'तू कुछ देर सुबह या शाम 'मी टाइम' में एक्सरसाइज या मेडिटेशन किया कर या अपनी हॉबी पूरी किया कर, इससे फ्रेश-एनर्जेटिक फील करेगी।' इस पर नीलम ने मायूसी से कहा, 'सुबह सांस लेने की तो फुर्सत नहीं मिलती। राजू का ब्रेकफास्ट बनाना, अपना और इनका (पति) लंच रेडी करना। जल्दी-जल्दी काम निपटाना फिर ऑफिस के लिए भागना। शाम को फिर राजू को होमवर्क कराना, पेंडिंग काम करना, डिनर बनाना कैसे मिलेगा मी टाइम?' ये बातें आपको भी अपनी सी ही लग रही होंगी। जॉब, घर के काम, बच्चे की पढ़ाई, घर-बाहर की जिम्मेदारियां, सुबह आंख खुलने से रात बेड पर सोने तक इन्हीं सब में तो उलझी रह जाती हैं आप। डेड लाइन, टार्गेट, अचीवमेंट, घर की व्यवस्था, बच्चों की परीक्षाएं, उनका करियर, परिजनों की हेल्थ, इन सबके बीच कहीं आपका अपना कुछ छूट तो नहीं रहा। कभी एकांत के पलों में पूछिए खुद से कि पूरे दिन, सप्ताह या महीने में कितना पल होता है आपका 'मी टाइम?' कब आप बिताती हैं फुर्सत के पल केवल अपने लिए? कितनी बार आप कर पाती हैं अपनी पसंद का काम, जिससे मिलती है आपको खुशी, संतुष्टि?



**क्या है मी टाइम:** वास्तव में मी टाइम हमारा रिचार्जर है। हमारी बैट्री को रिचार्ज करता है। एक खुली हवादार खिड़की की तरह होता है मी टाइम, जो भीतर की थकान और डलनेस को बाहर निकाल हमें ताजगी से भर देता है। जिम्मेदारियों में उलझे हमारे वजूद पर से धूल झाड़ हमारी ही मुलाकात हमसे कराता है।

**फायदे हैं कई:** मनोवैज्ञानिक भी मी टाइम को मानसिक स्वास्थ्य और रिश्तों के लिए काफी लाभदायक मानते हैं। एक्सपर्ट्स का मानना है कि इससे हम खुद को लेकर किसी उधेड़बुन से मुक्त रहते हैं। यह हमारे दिमाग को तरोताजा करता है। मनोवैज्ञानिक सुप्रिया गोयल कहती हैं, 'इससे एकाग्रता बढ़ती है। हम अधिक तार्किक बनते हैं। घर-बाहर बेहतर तरीके से समायोजित हो पाते हैं। खुश रहते हैं और हमारे भीतर सकारात्मक ऊर्जा का भरपूर प्रवाह होता है।'



**क्या कहती है रिसर्च:** अमेरिका स्थित मिशिगन यूनिवर्सिटी की एक रिसर्च रिपोर्ट को माने तो विवाहित जीवन की असफलता में मी टाइम या प्राइवेसी में कमी की भूमिका सेक्स संबंध से भी बड़ी होती है। इसी शोध के मुताबिक 29 प्रतिशत कपल्स ने शिकायत दर्ज की कि उनके जीवन साथी की ओर से उन्हें पर्याप्त मी टाइम या प्राइवेसी नहीं दी जाती। यूनिवर्सिटी शोध में तो यह भी जाहिर हुआ कि मी टाइम निकालने में पुरुषों की हिस्सेदारी अधिक है।

**ऐसे निकलेगा वक्त:** मी टाइम निकालने के लिए प्रयास तो आपको ही करने होंगे। क्यों न नियत समय से आधे घंटे पहले सुबह उठ जाएं और काम से पहले मी टाइम जीकर, रिचार्ज हो जाएं! मोबाइल, टीवी जैसे गैजेट्स से दूरी बनाना भी मी टाइम के लिए जरूरी है। मी टाइम के लिए किसी तरह की हिचक या अपराध भाव नहीं पालें। जरूरत पड़े तो घर में सबको बता भी दें कि आप अपने लिए जरूरी काम कर रही हैं, इसलिए इस दौरान कोई आपको डिस्टर्ब न करे।

इस तरह जब आप सीरियसली मी टाइम निकालेंगी तो आपको न केवल खुशी, संतुष्टि मिलेगी बल्कि आप अपने सभी काम बेहतर ढंग से अंजाम भी दे पाएंगी।

### मी टाइम में करें कुछ ऐसा

**कुछ महिलाएं** पूछती हैं, मी टाइम में हम करें तो क्या करें? इस सवाल का जवाब तो आपका दिल ही बेहतर बता सकता है। ईमानदारी से दिल की सुनें तो आपको जवाब मिलेगा कि इस दौरान आप क्या कर सकती हैं? मी टाइम पर अपनी किताब 'टाइम फॉर मी:365 डेली स्ट्रेटेजीस फॉर अ मदर्स सेल्फ केयर' की राइटर मिया रेडरिक ने कई सुझाव दिए हैं। रेडरिक के मुताबिक, 'जब आप अपने बच्चों के लिए हेल्दी नाश्ता तैयार करती हैं, तब खुद के लिए भी कुछ हेल्दी स्नैक्स तैयार करना या पैक करना आपका मी टाइम है। बेटी को क्लासिकल डांस सीखाने ले जा रही हैं तो क्लास खत्म होने के इंतजार की बजाय खुद भी अपने फेवरेट डांस के स्टेप सीख लें, तो यह आपका खुद का पल होगा। फेवरेट नॉवेल पढ़ना, पसंदीदा गाना सुनना, मैग्जीन पलटना, टीवी देखना, वर्कआउट करना या सहेलियों से बातचीत करना भी इसमें शामिल हो सकता है। पार्लर जाना, डायरी लिखना या कहीं घूमने जाना... यह तो आपको ही तय करना होगा कि आप अपने मी टाइम में क्या करना चाहेंगी?'



## बच्चों को ऐसे सिखाएं गुड मैनर्स

बच्चों से हम बहुत उम्मीद करते हैं कि उनके भीतर गुड मैनर्स हों, लेकिन इसके लिए हम बच्चों के सामने कैसे आदर्श रखते हैं, उनको किस तरह से ट्रीट करते हैं? साथ ही हमारा व्यवहार उनके प्रति कैसा होता है, ये बातें बच्चों को संस्कारवान बनाने के लिए बहुत मायने रखती हैं।

बच्चे और आप

अंजू जैन



हर पैरेंट की चाहत होती है, उसका बच्चा एक शिष्ट, जिम्मेदार, समझदार और कामयाब इंसान बने। इसके लिए बच्चों को अच्छी आदतें सिखाना जितना आसान है, उतना ही कठिन भी है। अगर आप सही तरीका अपनाएं तो बच्चों को आसानी से अच्छे मैनर्स सिखा सकती हैं, उनका व्यक्तित्व प्रभावशाली बना सकती हैं। इसके लिए आपको कुछ बातों का ध्यान रखना होगा-

**बच्चों से गर्म जोशी से मिलें:** जब भी आपका बच्चा स्कूल से लौटे या स्कूल जा रहा हो या फिर आप बाहर से घर आई हों तो उससे गर्मजोशी के साथ मिलें। अपने चेहरे पर मुस्कान लिए उसे हग करें, उसका मूड जानें, उसके मन की सुनें। दिन की शुरुआत और अंत उसे पुचकार कर करें। इससे बच्चे से आपकी बॉन्डिंग बढ़ेगी, उसे लगेगा कि वह आपके लिए कितना महत्वपूर्ण है। उसके मन में आपके लिए प्यार उमड़ेगा।



**लोगों के प्रति सहानुभूति रखें:** माता-पिता बच्चों को जो बातें कह कर नहीं समझा सकते या सिखा सकते, वे बातें उनके रोल मॉडल बनकर सिखा सकते हैं। बच्चों में सहानुभूति, दया, विनम्रता का भाव जगाना हो तो उन्हें पहले नरमदिल और मददगार स्वभाव का बनाना होगा। इसके लिए आप उनके सामने अपने पड़ोसियों, रिश्तेदारों, घर में आने वाले सेल्समैन या फिर रिक्शा चालकों और कैब ड्राइवर के साथ नरमी से पेश आएं। जरूरतमंद की मदद करें, यह देखकर बच्चे में दूसरे की मदद करने की प्रेरणा जागेगी। अभद्र भाषा में चीख कर या रौब झाड़ने वाले अंदाज में बातें बच्चों के सामने तो बिल्कुल ना करें। यह देखकर बच्चे भी इसी तरह पेश आते हैं, जो असभ्य तरीका है।

**घर के बुजुर्गों के साथ जोड़ें:** अगर घर में आपके साथ सास-ससुर यानी बच्चों के दादा-दादी या नाना-नानी भी रहते हैं या वे आए हुए हैं, तो बच्चों को उनके साथ खेलने, रहने, टाइम बिताने और बातें करने के लिए प्रेरित करें। इससे न सिर्फ ग्रैंडपैरेंट्स को बल्कि बच्चों को भी अच्छा लगेगा। इतना ही नहीं, बच्चों में परिजनों से जुड़ने की भावना भी आएगी, वे अपने दादा-दादी और नाना-नानी से काफी कुछ सीखेंगे।

**कहानी-कविता पढ़ कर सुनाएं:** बच्चों को कहानी और कविताओं से काफी एंटरटेन किया जा सकता है। आप रोज बीस-पच्चीस मिनट के लिए उनके साथ बैठें, उन्हें कोई कहानी या कविता पढ़कर सुनाएं। फिर उसके बारे में कुछ सवाल पूछें। इससे बच्चों की पढ़ने में रुचि जागेगी, जनरल नॉलेज बढ़ेगी और साथ ही आप दोनों एक-दूसरे के साथ क्वालिटी टाइम भी स्पेंड कर सकेंगे।

**रुटीन फॉलो करना सिखाएं:** अनुशासन और समय प्रबंधन किसी भी व्यक्ति की जिंदगी में सफलता और सुकून के लिए बहुत जरूरी हैं। शुरू से ही बच्चों को रूटीन फॉलो करना सिखाएं। आप उनके लिए एक दिन पहले ही अगले दिन का रुटीन सेट कर दें। उन्हें बताएं कि किस वक्त उन्हें क्या करना है। साथ ही आप भी अपने रूटीन फॉलो करें और उन्हें बताएं कि आप कैसे नियत समय पर हर काम कर रही हैं।

## कलरिंग के बाद हेयर केयर बाल दिखेंगे हेल्दी-शाइनी

आजकल काफी महिलाएं बालों में कलर करवाना पसंद करती हैं। लेकिन कलर्ड बालों की केयर कैसे करनी चाहिए, इस बारे में कम ही लोग जानते हैं। इससे बालों में रफनेस बढ़ती है। कलरिंग के बाद कैसे करें हेयर केयर, जानिए।

हेयर केयर

ललिता गोयल

हेयर कलरिंग का ट्रेंड सालों से चल रहा है। अब तो हर उम्र की महिलाएं, लड़कियां बालों को अलग लुक देने के लिए हेयर कलरिंग करा रही हैं। लेकिन बालों को कलर कराने के बाद कुछ जरूरी बातों का ख्याल भी रखना जरूरी है, नहीं तो बाल डैमेज हो सकते हैं। जानते हैं हेयर केयर के बारे में, जिससे बाल खराब नहीं होंगे और आपके बालों की नेचुरल शाइन भी बनी रहेगी।

**सही कलर चुनें:** ध्यान रखें, कलरिंग के लिए हेयर कलर अच्छी क्वालिटी का हो। कलर मॉयश्चराइजर बेस्ड हो, जिससे बालों को डैमेज होने से बचाया जा सके।



**कलरिंग का तरीका:** केमिकल बेस्ड हेयर कलर बालों को अलग-अलग तरीके से नुकसान पहुंचा सकते हैं। ये जड़ों को भी डैमेज कर सकते हैं, जिससे हेयर फॉल की समस्या शुरू हो सकती है। इससे बचने के लिए ध्यान रखें कि आप जड़ों के बजाय हेयर स्ट्रेंड्स को कलर करें।

**ऑयलिंग का तरीका बदलें:** कुछ लोग ऐसा मानते हैं कि कलर करने के बाद बालों पर तेल नहीं लगाना चाहिए। जबकि यह सोचना गलत है, तेल आपके बालों को पोषण देने के साथ-साथ कंडीशनिंग भी करता है, इसलिए ऑयलिंग जरूर करें। लेकिन इसका तरीका बदल दें। इसके लिए कलरिंग के बाद तेल रात-भर लगाए रखने के बजाय दो या तीन घंटे के लिए लगाकर रखें। इसके बाद हेयर वॉश कर लें।

**सूरज की किरणों से बचाएं:** सूरज की हानिकारक किरणें बालों को डैमेज करने का कारण बन सकती हैं। अगर आपने हेयर कलर कराया है, तो धूप में जाने से पहले बालों में सनस्क्रीन स्प्रे करना न भूलें।



**हीटिंग टूल्स इस्तेमाल न करें:** बालों को कलर करने के तुरंत बाद हीटिंग टूल्स जैसे ब्लो ड्रायर का इस्तेमाल ना करें, क्योंकि इससे बाल ड्राई होते हैं, बालों से मॉयश्चर कम होता है और बालों का रंग बिल्कुल गायब हो जाता है। अगर ब्लो ड्राई करना जरूरी हो तो कम से कम 5 सेमी. की दूरी से ब्लो ड्राई करें। साथ ही हीटिंग टूल्स का इस्तेमाल करते समय बालों पर हीट प्रोटेक्टर सीरम जरूर अप्लाई करें।

**इन बातों का भी रखें ध्यान:** हेयर कलरिंग के बाद कुछ और बातों का ध्यान रखना जरूरी है।

- बालों को धोने के लिए कलर प्रोटेक्टेंट सल्फर फ्री शैंपू अप्लाई करिए। कलर प्रोटेक्टेंट शैंपू से बालों में कलर लॉक हो जाता है।
- शैंपू के बाद आप बालों की हफ्ते में दो बार डीप कंडीशनिंग जरूर करें। इससे बालों में मॉयश्चर लॉक हो जाता है और बालों को गहराई से पोषण मिलता है। इससे बालों में कलर मेंटेन रहता है।
- हेयर कलर के बाद कम से कम तीन दिन तक बालों को नहीं धोएं, वरना आपका हेयर कलर फीका पड़ सकता है।
- हेयर कलर को सबसे अधिक नुकसान गर्म पानी पहुंचाता है। इसलिए हमेशा बालों को नॉर्मल पानी और सर्दियों में गुनगुने पानी से धोएं।

**(हेयर एक्सपर्ट सुमन सचदेव से बातचीत पर आधारित)**

## गणपति को अर्पित करें तरह-तरह के मोदक

रेसिपी

श्रुति आयंगर

### अमृत मोदक



**सामग्री**

चावल का आटा-1 कप, उबली चना दाल-1/2 कप, कसा हुआ गुड़-1/4 कप, इलायची पावडर-1/2 छोटा चम्मच, केसर रेशे-1/2 छोटा चम्मच, पिसी हल्दी-चुटकी भर, कटे हुए मेवे-2 छोटे चम्मच, घी-1 बड़ा चम्मच, पानी-4 कप

**विधि**

सबसे पहले चना दाल को मैश कर लें। इसमें गुड़ मिलाकर पैन में कुछ देर पकाएं। फिर केसर, इलायची पावडर और मेवे मिलाकर 2-3 मिनट पकाकर ठंडा होने दें। एक पैन में पानी और घी डाल कर उबालें। इसमें चावल का आटा मिलाकर गाढ़ा होने तक पकाएं। थोड़ा ठंडा होने पर अच्छी तरह गूंथें। थोड़ा मिश्रण हथेली पर फैलाकर चना दाल की भरावन भरें और मोदक का आकार दें। सांचे की मदद से भी मोदक बना सकती हैं। इन मोदकों को 10-12 मिनट भाप में पकाने के बाद भोग लगाएं।

### नारियल-गुलाब मोदक



**सामग्री**

कंडेंस्ड मिल्क-400 ग्राम, मिल्क पावडर-240 ग्राम, घी-1/2 बड़ा चम्मच, रोज सिरप-1 बड़ा चम्मच, रेड फूड कलर-2-4 बूंद

**भरावन के लिए:** गुलकंद-1 बड़ा चम्मच, कसा सूखा नारियल-1 बड़ा चम्मच

**विधि**

सबसे पहले नॉन-स्टिक पैन में मिल्क पावडर, कंडेंस्ड मिल्क, घी और रोज सिरप डाल कर अच्छी तरह से मिलाएं। इसे धीमी से मध्यम आंच पर चलाते हुए पकाएं। मिश्रण गाढ़ा होने तक चलाती रहें। इसके बाद फूड कलर डालकर मिला लें। इसे बाउल में निकाल लें। एक अलग बाउल में भरावन की सारी सामग्री मिलाकर स्टफिंग बना लें। मिल्क पावडर वाले मिश्रण में से थोड़ा सा मिश्रण लेकर हथेली पर फैला लें, इसमें स्टफिंग भर कर मोदक का शेप दें। पांच मिनट के लिए फ्रिज में रखें।

## रिद्धि-सिद्धि सहिताय श्री गणेशाय नमः

कल गणेश चतुर्थी है। कल से ही आरंभ होगा गणेशोत्सव। वैसे तो आपके घर के आस-पास सार्वजनिक स्थलों पर सामूहिक रूप से गणेश पूजन का आयोजन किया ही जाएगा। लेकिन अगर आप अपने घर में गणपति को प्रतिष्ठित कर पूजन करना चाहती हैं तो यहां हम आपको इसकी विधि बता रहे हैं।

पूजन-विधि

आचार्य डॉ. गोविंद बल्लभ जोशी



सनातन धर्म में हर तरह की पूजा-उपासना का प्रारंभ गणपति पूजन से होता है। इसीलिए गणेश जी को प्रथम पूज्य कहा गया है। गणपति, देवताओं के अध्यक्ष हैं। इसीलिए इन्हें 'गणाध्यक्ष' भी कहा जाता है। प्रत्येक वर्ष भाद्रपद शुक्ल चतुर्थी से शुक्ल चतुर्दशी पर्यंत, द्वादश दिवसीय पूजा-अर्चना को वार्षिकोत्सव के रूप में मनाया जाता है।

**ऐसे आरंभ हुआ देशव्यापी आयोजन:** गणेश चतुर्थी पर घर-घर में किए जाने वाला पूजन, वार्षिक गणेश उत्सव कैसे बना, इसके पीछे भी ऐतिहासिक घटना और ध्येय निहित रहा है। दरअसल, ब्रिटिश शासनकाल में अंग्रेजों की दासता से भारत माता को स्वतंत्र करने का संकल्प लेते हुए लोकमान्य बालगंगाधर तिलक ने गणाधिपति के पूजन को राष्ट्रोत्सव के रूप में प्रारंभ कर भारतीय जन समुदाय में राष्ट्रीय भावना और सांस्कृतिक चेतना का संचार किया था। आज यह उत्सव भारत ही नहीं विश्व के अनेक देशों में मनाया जाता है।

**ऐसे करें गणपति स्थापना-पूजन:** सार्वजनिक पार्कों और मंडपों में विधिवत गणेश पूजन, विविध उत्सव समितियों द्वारा तो आयोजित किया ही जाता है। लेकिन अनेक श्रद्धालु अपने घर में भी गणपति को स्थापित कर यह उत्सव मनाते हैं। ऐसे में किस विधि से उनका पूजन करें, आप जरूर जानना चाहेंगी। वस्तुतः गणेश जी की पूजन विधि सर्वत्र एक समान ही होती है। इसके लिए सर्वप्रथम श्रद्धापूर्वक अपने पूजा स्थान पर गणपति की चौकी तैयार कर उसे लाल वस्त्र से आच्छादित कर लें। अब उस पर कलश स्थापित कर श्रीगणेश विग्रह (प्रतिमा) को प्रतिष्ठित करें। हाथ में रोली, चंदन, अक्षत, लाल पुष्प और दूर्वा लेकर उनका आह्वान एवं ध्यान करें। 'रिद्धि-सिद्धि सहिताय श्रीगणेशाय नमः' का जाप करते हुए गणेशजी को अर्पित करें। इसके बाद आचमनी पात्र (चम्मच) में जल लेकर पाद्यं, अर्घ्य, आचमनीयं, स्नानीयम का उच्चारण करते हुए गणेश जी की प्रतिमा पर अर्पित करें। तत्पश्चात गणपति विग्रह को पंचामृत से स्नान कराएं। फिर एक आचमनी जल चढ़ाएं। उसके बाद उनको वस्त्र पहनाएं। एक यज्ञोपवीत (जनेऊ) अर्पित करें। फिर गणपतिजी को तिलक करें, अक्षत चढ़ाएं और दूर्वा के बारह तिनके चढ़ाएं। इसके पश्चात धूप, दीप प्रज्ज्वलित करें। इसके बाद गणपति को नैवेद्य (प्रसाद) भोग लगाएं। गणेश जी का सबसे प्रिय भोग मोदक है, अतः दस मोदक (लड्डू) उन्हें अर्पित करें। इसके बाद पान, सुपारी, लौंग, इलायची, फल, दक्षिणा चढ़ाएं। इसके पश्चात हाथ में पुष्प, अक्षत, रोली, दूर्वा लेकर उनके द्वादश नामों का उच्चारण करें।

इस प्रकार स्तुति करते हुए गंधाक्षत, पुष्प और दूर्वा गणपति को अर्पित कर दें। फिर 'ॐ गं गणपतये नमः' मंत्र का द्वादश (12) बार जप करें। फिर आरती, पुष्पांजलि के बाद भजन, कीर्तन से उत्सव मनाते रहें। इस प्रकार की गई गणपति की पूजा अत्यंत फलदायी होती है।

### गणपति के द्वादश नाम-मंत्र

- ॐ सुमुखाय नमः, ॐ एकदंताय नमः
- ॐ कपिलाय नमः, ॐ गजकर्णकाय नमः
- ॐ लंबोदराय नमः, ॐ विकटाय नमः
- ॐ विघ्ननाशकाय नमः, ॐ विनायकाय नमः
- ॐ धूम्रकेतवे नमः, ॐ गणाध्यक्षाय नमः
- ॐ भालचंद्राय नमः, ॐ गजाननाय नमः



## खबर संक्षेप



### शिविर में 115 लोगों ने किया रक्तदान

**रेवाड़ी।** रोटरी क्लब रेवाड़ी रॉयल्स व समस्त हरियाणा बिजली कर्मचारी, हरियाणा के संयुक्त तत्वावधान में रेवाड़ी के झज्जर रोड, बिजली बोर्ड कॉलोनी स्थित रेस्ट हाउस के प्रांगण में सोमवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 115 लोगों ने स्वेच्छा से रक्तदान किया।

रोटरी क्लब रेवाड़ी रॉयल्स के जन सम्पर्क अधिकारी याद के. सुगंध ने बताया कि एकत्रित रक्त गुरुग्राम के रोटरी ब्लड बैंक को दिया गया। रक्तदान शिविर स्वर्गीय कंवर सिंह यादव की याद में उनकी तीसरी पुण्यतिथि के अवसर पर लगाया गया। उनकी धर्मपत्नी श्रीमती सुमित्रा देवी बतौर मुख्य अतिथि मौजूद थी।



**बावल।** कार्यशाला में योजनाओं की जानकारी देते हुए विशेषज्ञ।

### कार्यशाला में योजनाओं के बारे में दी गई जानकारी

**बावल।** राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक की ओर से सोमवार को कृषि महाविद्यालय में एग्री क्लिनिक और एग्री बिजनेस केंद्र योजना पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यशाला में नाबार्ड गुरुग्राम के सहायक महाप्रबंधक जगदीश परिहार ने कहा कि क्लिनिक और एग्री बिजनेस केंद्र योजना का मुख्य उद्देश्य कृषि पृष्ठभूमि वाले युवाओं को श्रेष्ठ निजी कृषि एवं सम्बंधित विस्तार सेवाएं उपलब्ध करना और उद्यमिता एवं स्व रोजगार अवसरों को बढ़ावा देना हैं। उन्होंने योजना पर प्रकाश डालते हुए विस्तार से एग्री क्लिनिक और एग्री बिजनेस केंद्र योजना, कृषि अवसंरचना निधि के बारे में प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी। विद्यार्थियों को उद्यमी के रूप में आगे आने के लिए प्रेरित किया।

## आमजन की सहभागिता से 11 सप्ताह तक चलेगा शहर में अभियान

# स्वच्छता को लेकर सीएम सजग, प्रशासन ने तैयार किया अभियान का रोडमैप

डीसी ने अधिकारियों की मीटिंग में स्वच्छता अभियान का रोडमैप तैयार करते हुए जन सहभागिता से आगामी 7 नवंबर तक 11 सप्ताह स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश जारी कर दिए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी




**रेवाड़ी।** अभियान को लेकर अधिकारियों की बैठक लेते हुए डीसी। फोटो : हरिभूमि

प्रदेश में केंद्र की तर्ज पर स्वच्छता रैंकिंग शुरू करने के सीएम नायब सिंह सैनी के निर्णय के बाद प्रशासन भी शहर को साफ सुथरा बनाने के लिए सजग नजर आने लगा है। डीसी ने सोमवार को अधिकारियों की मीटिंग में स्वच्छता अभियान का रोडमैप तैयार करते हुए जनसहभागिता से आगामी 7 नवंबर तक 11 सप्ताह स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश जारी कर दिए। इस अवधि के दौरान आमजन के सहयोग से स्वच्छता अभियान को असरदार तरीके से अमल में लाया जाएगा।

### डीसी अभिषेक मीणा ने कहा

कि किसी भी अभियान की सफलता में विद्यार्थियों की अहम भूमिका होती है, ऐसे में जिले के शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में कूड़ा करकट सडकों पर न फैले इसके लिए जिला के निजी व सरकारी शिक्षण संस्थानों के विद्यार्थियों के माध्यम से हर घर तक मैं-मेरा परिवार घर के बाहर खुले में कचरा नहीं फैकूंगा का संदेश पहुंचाते हुए अभिभावकों के हस्ताक्षर लिए जाएंगे। सभी विद्यार्थी स्वच्छता दूत बनकर इस सार्थक मुहिम में अपनी उल्लेखनीय भागीदारी निभाएंगे। उन्होंने बताया कि बच्चों के माध्यम से हर अभिभावक में स्वच्छता के प्रति जागरूकता लाई जाएगी। इससे विद्यार्थी जहां स्वयं कूड़ा करकट न फैलाने की सोच रखेंगे वहीं अभिभावक भी मुहिम में अपनी जिम्मेवारी का निर्वहन प्रभावी रूप से करेंगे। इस अवसर पर एसपी हेमेंद्र मीणा, एडीसी राहुल मोदी, एसडीएम रेवाड़ी सुरेश कुमार, एसडीएम बावल मनोज कुमार, डीएमसी ब्रह्मप्रकाश, सीटीएम जितेंद्र कुमार, डीडीपीओ नरेंद्र सारवान, ईओ नगर परिषद सुशील कुमार, एक्सईएन नगर परिषद अंकित वशिष्ठ, एक्सईएन जन स्वास्थ्य वी.पी.चौहान, एक्सईएन पंचायत नरेंद्र गुलिया सहित अन्य संबंधित अधिकारीगण मौजूद रहे।

### कूड़ा उठान प्रक्रिया होगी नियमित

डीसी ने शहरी निकाय अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहरी क्षेत्र रेवाड़ी, बावल व धारूहेड़ा में नियमित रूप से कूड़ा उठान प्रक्रिया अमल में लाई जानी सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि डोर टू डोर कूड़ा उठने से जहां सडकों पर कूडा करकट नहीं फैलेगा वहीं पूरे क्षेत्र में सफाई व्यवस्था बनी रहेगी। उन्होंने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों को सेक्टर क्षेत्र में नियमित सफाई करने के आदेश दिए तथा कहा कि व्यवस्थापूर्ण तरीके से कूड़ा उठान प्रक्रिया से कचरा सडकों पर नजर नहीं आएगा। उन्होंने कहा कि हर क्षेत्र से कूड़ा उठे इसके लिए योजनाबद्ध तरीके से कदम उठाए जाएं। सेक्टर अथवा अन्य खाली प्लाटों में कचरा न डले इसके लिए नियमित मॉनिटरिंग की जाए और लोगों को सचेत किया जाए। इस अभियान के तहत शहरी स्थानीय निकाय के भवनों, सडकों, अस्पतालों और अन्य प्रतिष्ठानों में साफ-सफाई की जाएगी।

### 30 को मनाया जाएगा श्रमदान दिवस

डीसी अभिषेक मीणा ने कहा कि इस स्वच्छता मुहिम में हर वर्ग की उल्लेखनीय भागीदारी रहेगी। ऐसे में सरकारी कार्यालयों व उनके परिसर में जिला के सभी विभागाध्यक्ष अपने अधिकार क्षेत्र में शनिवार, 30 अगस्त को श्रमदान दिवस के रूप में मनाते हुए स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लेंगे। उन्होंने कहा कि सरकारी परिसर को साफ रखना हमारी नैतिक जिम्मेवारी है जिसमें सभी को अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी है।

### स्वच्छ हरियाणा की पहचान थीम पर फोकस

डीसी मीणा ने बताया कि यह अभियान हर मोहल्ला, हर गली, हर मकान-स्वच्छ हरियाणा की पहचान थीम पर फोकस रहेगा। उन्होंने सभी विभागों को सक्रिय रूप से स्वच्छता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं तथा आमजन से भी स्वच्छता अभियान में सक्रिय भागीदारी का जिला प्रशासन की तरफ से आह्वान किया क्योंकि स्वच्छता के लक्ष्यों को पाने के लिए आमजन की सहभागिता जरूरी है। उन्होंने बताया कि इस अभियान में स्वच्छता को लेकर जिला स्तर पर विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जाएंगी। शहरी स्थानीय निकाय द्वारा अभियान के तहत सरकारी व निजी कार्यालयों की सफाई, भवनों की पुताई, धार्मिक व पर्यटन स्थलों का सौंदर्यीकरण, सडकों व नालों की मरम्मत, स्ट्रीट लाइट और साइन बोर्ड दुरुस्ती जैसे कार्य किए जाएंगे। इसके साथ ही जन भागीदारी और जागरूकता पर विशेष जोर रहेगा। स्कूल, आरडब्ल्यूए, एनजीओ और बाजार संघों की भागीदारी से जागरूकता रैलियों के माध्यम से नो प्लास्टिक यूज कार्यक्रम भी आयोजित होंगे। अभियान में हरियाली बढ़ाने के लिए वृक्षारोपण, पार्कों का रखरखाव जैसी पहल की जाएगी। इसके अतिरिक्त तालाबों, नहरों और नालों की सफाई, ठोस कचरे का वैज्ञानिक प्रबंधन तथा विरासत में मिले कचरा स्थलों की बायो-रिमेडिएशन बनाने के लिए ठोस रणनीति तैयार की जाएगी।

# संवाद सत्र में पॉलीटेक्निक छात्रों को दी खास जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भारत संचार निगम लि. की ओर से सोमवार को लिसाना पालीटेक्निक कॉलेज में संवाद सत्र का आयोजन किया गया, जिसमें अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों को दूरसंचार क्षेत्र में अवसरों के बारे में जानकारी दी गई।

निगम के जीएम पूरनचंद व दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्य रामनिवास पॉलीटेक्निक में आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे। जीएम पूरन चंद ने विद्यार्थियों को बताया कि दूरसंचार के क्षेत्र में उनके लिए रोजगार के अवसरों की कोई कमी नहीं है। उन्होंने विद्यार्थियों को बीएसएनएल की सेवाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। साथ ही निगम में रोजगार के लिए चयन प्रक्रिया और अन्य जानकारियां दीं। उन्होंने निगम की ओर से संचार की आधुनिक सेवाओं के बारे में बताया। बाद में उन्होंने संस्था के प्रांगण में पौधारोपण करते हुए पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी दिया। इस मौके पर पॉलीटेक्निक के प्राचार्य व स्टाफ के सदस्य भी मौजूद रहे।



**रेवाड़ी।** लिसाना पॉलीटेक्निक कॉलेज में पौधरोपण करते हुए जीएम व अन्य।

## भगवान महावीर विद्यापीठ के त्रिवार्षिक चुनाव

# घड़ी की रफ्तार से सूरज की चमक फीकी प्रदीप को हराकर मोहित जैन बने प्रधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

भगवान महावीर विद्यापीठ के त्रिवार्षिक चुनाव में मतदाताओं ने मोहित जैन को जिताकर परिवर्तन की लहर पर मुहर लगा दी। चुनाव परिणाम में घड़ी चुनाव चिह्न के 6 प्रत्याशियों ने बाजी मारी, जबकि उगता सूरज चुनाव चिह्न से केवल तीन प्रत्याशी सफल हो सके। उप प्रधान पद के लिए सीमा जैन ने सर्वाधिक मतों से जीत हासिल की। निर्वाचन अधिकारी विवेक जैन व नितिन जैन ने शांतिपूर्ण चुनाव के लिए जैन समाज के मतदाताओं का आभार जताया है।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी व सहायक चुनाव अधिकारी ने बताया कि चुनाव में 872 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।




**रेवाड़ी।** चुनाव अधिकारियों के साथ महावीर विद्यापीठ की नई टीम। फोटो : हरिभूमि

प्रधान पद के लिए मोहित जैन व प्रदीप जैन के बीच मुकाबला रहा। मोहित जैन ने 509 मत प्राप्त किए जबकि प्रदीप जैन को 341 मत मिले, 22 मत रद्द किए गए। मोहित 138 मतों से विजयी रहे। उपप्रधान पद पर सीमा जैन सर्वाधिक 231 मतों से विजयी रही। सीमा को 542 मत तथा विनोद को 311 मत मिले। 19 मत रद्द किए गए। सचिव पद पर अमित जैन फिर से विजयी रहे उन्हें 436 मत तथा अरूण जैन को 409 मत मिले। अमित 27 मतों से विजयी रहे। 27 मत ही रद्द हुए। सहसचिव पद के लिए प्रवीण जैन व अंकित जैन के बीच मुकाबला था जिसमें प्रवीण को 505 तथा अंकित को 326 मत मिले, जबकि 41 मत रद्द हुए। प्रवीण 179 मतों से विजयी रहे। कोषाध्यक्ष पद के लिए सचिन जैन को 467 तथा नितिन जैन को 381 मत मिले, जबकि 24 मत रद्द हुए। सचिन को 86 मतों से विजेता घोषित किया गया।

### विजेताओं को इस तरह से मिले मत

उन्होंने बताया कि शासकीय निकाय सदस्यों में दोनों गुटों के आठ सदस्यों में से मोहित गुट से विजयी रहे निपुण ने 447, रविंद्र ने 480 व विजय 417 मत पाए, जबकि प्रदीप गुट से प्रद्युम्न जैन 438 मत लेकर फिर से जीत हासिल करने में सफल रहे। सदस्यों में 33 मत रद्द किए गए। इसके अतिरिक्त अनुज जैन को 331, भारत जैन 334, नितिन जैन को 351, पंकज जैन को 311 मत प्राप्त हुए। दोनों अधिकारियों ने शांतिपूर्ण चुनाव संपन्न कराने के लिए समाज के आपसी सौहार्द के साथ-साथ चुनाव पर्यवेक्षक सत्यवीर सिंह व स्कूल स्टाफ का योगदान भी सराहनीय रहा।

# समाधान शिविर में दिए अवैध कब्जे हटवाने के निर्देश

- शिविर में डीसी अभिषेक मीणा ने सुनी समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

प्रदेश सरकार की ओर से चलाए जा रहे समाधान शिविर आमजन की शिकायतों का सशक्त माध्यम बन रहे हैं। सोमवार को लघु सचिवालय सभागार में आयोजित समाधान शिविर में डीसी अभिषेक मीणा ने समाधान शिविर में आए नागरिकों की समस्याओं पर सुनवाई करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को तत्काल समाधान हेतु कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

डीसी अभिषेक मीणा ने रेवाड़ी में भोतवास अहीर व पांचौर में अवैध कब्जे की शिकायत पर डीडीपीओ को जांच करते हुए अवैध कब्जा हटवाने के निर्देश दिए। शास्त्री नगर में जोहड़ ओवरफ्लो होने से घरों में पानी आ रहा है, इसके लिए संबंधित अधिकारियों को पानी की निकासी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए। सेक्टर एक में बिजली की मेन लाइन के कार्य को उपयोगी जगह के स्थान पर नई जगह पर सडक तोडकर कार्य करने पर डीसी ने सीटीएम को निर्देश देते हुए कहा कि यदि इसमें डीएचबीवीएन व ठेकेदार द्वारा कोई कमी पाई जाती है तो संबंधित के खिलाफ कार्यवाही की जाएं। डीसी ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि शहर में कोई भी मेन हॉल खुला न हो और मेन हॉल की सफाई करवाई जाए। इस मौके पर रामसिंहपुरा रेवाड़ी निवासी किरण देवी की मौके पर ही विधवा पेंशन भी बनाई गई। समाधान शिविर में नागरिकों द्वारा परिवार पहचान पत्र में नाम दर्ज कराने, पेंशन संबंधी अड़चनों, अवैध कब्जों, बिजली, सोलर पैनल संबंधी शिकायतों, रास्तों के पक्कीकरण से जुड़ी समस्याओं तथा अन्य विभागों से जुड़ी अनेक समस्याओं का मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को निपटान करने के निर्देश दिए गए।




रेवाड़ी। शिविर में समस्याओं की सुनवाई करते हुए डीसी अभिषेक मीणा।

### समस्याओं के त्वरित समाधान पर दिया जोर

डीसी ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि वे समस्याओं का त्वरित समाधान करते हुए शिकायतकर्ता को समयबद्ध राहत दी जाए। डीसी ने कहा कि आमजन की शिकायतों के निवारण के लिए जिला मुख्यालय सहित बावल व कोसली उपमंडल स्तर पर प्रत्येक सोमवार व वीरवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 12 बजे तक समाधान शिविर का आयोजन किया जाता है, जिसमें आमजन की समस्याओं को सुनकर समाधान किया जाता है। इस अवसर पर एसपी हेमेन्द्र मीणा, एडीसी राहुल मोदी, सीटीएम जितेन्द्र कुमार, डीएसपी पवन कुमार, डीडीपीओ नरेन्द्र सारवान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारीगण मौजूद रहे।

# योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

भाजपा धारूहेड़ा मंडल की कार्यकारिणी बैठक सोमवार को मंडल अध्यक्ष अजीत कोसलिया की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक को चार अलग-अलग सत्रों में विभाजित किया गया, जिनमें विभिन्न विषयों पर विस्तृत चर्चा हुई। वरिष्ठ भाजपा नेता रामनिवास ने संगठन को मजबूत करने के लिए बूथ स्तर पर सक्रियता बढ़ाने, नये कार्यकतार्ओं को जोड़ने और प्रत्येक बूथ पर नियमित कार्यक्रमों के आयोजन पर विस्तार से मार्गदर्शन दिया। उन्होंने कहा कि भाजपा की शक्ति बूथ स्तर पर ही निहित है और कार्यकर्ता ही पार्टी की असली पहचान हैं। हरको बैंक व पर्यटन विभाग के पूर्व चेयरमैन डॉ. अरविन्द यादव ने सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत समाजहित में चलाए जा रहे सेवा कार्यों और पंच परिवर्तन के माध्यम से पार्टी के नये विचारों व नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने के विषय में जानकारी दी। उन्होंने कार्यकतार्ओं से आह्वान किया कि वे सेवा कार्यों को जनआंदोलन के रूप में बदलने में सहयोग करें। मंडल प्रभारी संजय रुस्तगी ने हरियाणा सरकार द्वारा चलाई जा रही जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। आमजन को योजनाओं का सीधा लाभ दिलाने के लिए कार्यकतार्ओं की सक्रिय भूमिका आवश्यक है। अंतिम सत्र में भाजपा जिला आईटी प्रमुख नवीन शर्मा ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'मन की बात' कार्यक्रम की महत्ता पर प्रकाश डाला। साथ ही उन्होंने सरल पोर्टल की कार्यप्रणाली को समझाया और कार्यकतार्ओं से अपील की कि वे मन की बात कार्यक्रम को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाएं।



**धारूहेड़ा।** मंडल की बैठक में मौजूद भाजपा नेता व पदाधिकारी।

## खराब फसलों के मुआवजे की मांग

# विस में विधायक ने उठाया प्रदूषित पानी का मामला

- मसानी बैराज में जमा होने वाले दूषित पानी से करीब 15 गांव के लोगों का जीना हो गया है मुहाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने विधानसभा के मानसून सत्र में मसानी बैराज के प्रदूषित पानी के स्थाई समाधान तथा बरसात के मौसम में ओवरफ्लो के चलते इस दूषित पानी से नष्ट हुई फसलों से प्रभावित किसानों को मुआवजे की मांग को जोरदार ढंग से उठाया।

विधानसभा के मानसून सत्र में क्षेत्र की मांग को प्रमुखता के साथ रखते हुए रेवाड़ी विधायक लक्ष्मण सिंह यादव ने कहा कि वह इस मांग को पहले भी विधानसभा के बजट सत्र में उठा चुके हैं। मसानी बैराज में जमा होने वाले दूषित पानी से करीब 15 गांव के लोगों का जीना मुहाल हो गया है। करीब एक हजार एकड़ में कैमिकलयुक्त पानी जमा रहने से आधा दर्जन से अधिक गांवों का भूजलस्तर एक फीट पर ही आ गया है। गंदे पानी के चलते यहां की भूमि भी खराब हो रही है तथा बीमारियां फैलने की भय बना रहता है। विधायक ने अपनी आवाज को और बुलंद करते हुए कहा कि मसानी बैराज में राजस्थान के भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र का कैमिकलयुक्त दूषित पानी भी आ रहा है। बरसात के इस मौसम में यह पानी ओवरफ्लो होकर किसानों के खेतों में पहुंच गया है। जिससे किसानों की फसलें भी खराब हो रही है। इसलिए भिवाड़ी से आने वाले पानी के तमाम रास्तों को बंद कर इसे रोका जाए तथा जिन किसानों की फसलें खराब हुई है, उनके लिए क्षतिपूर्ति पोर्टल खोलकर उचित मुआवजा भी दिया जाए, ताकि किसानों के नुकसान की भरपाई हो सके।



रेवाड़ी। विधानसभा में मांग उठाते हुए लक्ष्मण सिंह यादव।

### प्रपोजल तैयार करने पर जताया आभार

उन्होंने यह भी कहा कि इस समस्या के समाधान को लेकर करीब 218 करोड़ के तैयार किए गए प्रपोजल के लिए वह सरकार का आभार जताते हैं, लेकिन जब तक यह सिरे नहीं चढ़ जाता, तब तक इसके किसानों को मुआवजा अवश्य दिया जाए। विधायक के सवाल पर प्रदेश के सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री श्रुति चौधरी ने कहा कि सरकार की ओर से इस समस्या के समाधान के लिए करीब 219 करोड़ की परियोजना तैयार की गई है। बजट आवंटित होते ही इस पर कार्य शुरू करा दिया जाएगा।

# हमले के विरोध में वन विभाग के कर्मचारियों ने दिया धरना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

कुंड के निकट हाल ही में वन विभाग के एक कर्मचारी पर हुए हमले में पुलिस की ओर से उचित कार्रवाई नहीं करने के आरोप लगाते हुए वन विभाग के कर्मचारियों ने वन मंडल अधिकारी कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन किया। हत्या के प्रयास की धारा नहीं जोड़ने पर कर्मचारियों ने आंदोलन तेज करने की चेतावनी दी है।

सोमवार को वन विभाग के कर्मचारी वन कर्मचारी संघ के जिलाध्यक्ष अनिल कुमार की अगुवाई में एकत्रित हुए। वहां धरना देते हुए पुलिस विभाग के खिलाफ नारेबाजी की। वक्ताओं ने कहा कि कुंड के निकट विभाग के एक कर्मचारी पर कई लोगों ने जानलेवा हमला कर दिया था। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस तो दर्ज कर लिया, लेकिन हत्या के प्रयास की धारा शामिल नहीं की। उन्होंने कहा कि हमला हत्या के इरादे से किया गया था, इसलिए आरोपियों के खिलाफ उसी धारा के तहत कार्रवाई करनी चाहिए थी। कर्मचारियों ने चेतावनी दी कि अगर पुलिस ने हत्या के प्रयास की धारा नहीं जोड़ी, तो कर्मचारी आंदोलन तेज करने से पीछे नहीं हटेंगे।



रेवाड़ी। वन मंडल अधिकारी कार्यालय के बाहर धरने पर बैठे कर्मचारी।

## खबर संक्षेप

### घर से दवा लेने के लिए निकली महिला लापता

**कोसली।** क्षेत्र के एक गांव निवासी व्यक्ति ने अपनी पत्नी की गुमशुदगी का मामला दर्ज कराया है। रतन सिंह ने नाहड़ चौकी पुलिस को दी सूचना में कहा है कि उनकी 46 वर्षीय पत्नी 20 अगस्त को घर से रेवाड़ी दवाई लेने के लिए गई थी जो वापस नहीं आई। उसका मोबाइल भी बंद आ रहा है। उन्होंने तीन चार दिन अपनी पत्नी की तलाश की लेकिन उसका कोई पता नहीं चल पाया। पुलिस ने रविवार को उनकी शिकायत पर गुमशुदगी का मामला दर्ज किया है। पुलिस ने महिल का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

### राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा शुरू, 8 सितं. तक चलेगा

**रेवाड़ी।** स्वास्थ्य विभाग की ओर से सोमवार से 40वां राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े की शुरूआत की गई। यह पखवाड़ा आगामी 8 सितंबर तक चलेगा। डीसी ने बताया कि आपकी आंखों से किसी और की जिंदगी में नया उजाला आ सकता है। नेत्रदान हमें एक महान और पुण्य कार्य की ओर प्रेरित करता है। नागरिक जीते-जी आंखें दान करने की प्रतिज्ञा ले सकते हैं और अपने इस दान से किसी के अंधेरे जीवन में रोशनी की किरण जा सकते है। मृत्यु के बाद नेत्रों को 6 से 8 घंटे तक निकाला जा सकता है तथा नेत्रदाताओं और प्राप्तकतार्ओं के लिए कोई शुल्क नहीं लगता। नेत्रदानी की मृत्यु के बाद, परिजन तुरंत सरकारी स्वास्थ्य केंद्र से सम्पर्क कर सकते हैं। आंखें दान करने के लिए हरियाणा में टोल फ्री नंबर 112 व राष्ट्रीय हेल्पलाइन नंबर 1800-11-4770 पर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

### डहीना और कनीना पावर हाउस ठप, तीन दर्जन गांवों में छाया रहा अंधेरा

# ट्रांसमिशन लाइन का लाइटनिंग अरेस्टर फटा, देर रात तक दो पावर हाउस रहे बंद

- महेंद्रगढ़ लाइन से कनेक्ट की गई ट्रांसमिशन लाइन, सोमवार सुबह डहीना में ही मिला फॉल्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी





रेवाड़ी। एचवीपीएन की 132 केवी ट्रांसमिशन लाइन तथा बिजली लाइन से पेड़ की टहनियां हटाते निगमकर्मी। फोटो : हरिभूमि

बारिश के कारण रविवार देर सायं डहीना पावर सब स्टेशन की 132 केवी ट्रांसमिशन लाइन पर लगा लाइटनिंग अरेस्टर फट गया, जिससे डहीना और कनीना पावर हाइसों में अंधेरा छा गया। कनीना कस्बा सहित लगभग तीन दर्जन दर्जन गांवों में ब्लैकआउट की स्थिति पैदा हो गई। देर रात महेंद्रगढ़ लाइन से लिंक करने के बाद दोनों पावर हाउसों की बिजली चालू की गई।

बुड़ौली से डहीना और महेंद्रगढ़ के कनीना सब स्टेशनों को जोड़ने वाली एचवीपीएन की ट्रांसमिशन लाइन में देर सायं फॉल्ट आ गया। ऐसा माना जा रहा था कि किसी इन्सूलेटर के लीक होने के कारण लाइन फॉल्ट हो गई थी। इसके बाद दोनों पावर हाउसों की बत्ती गुल हो गई। इन पावर हाउसों से तीन दर्जन से भी ज्यादा गांवों और कनीना कस्बे की बिजली आपूर्ति होती है।

लाइन फेल होने के बाद इन सब स्टेशनों से जुड़े गांवों और कस्बे में ब्लैकआउट हो गया। दोनों सब स्टेशनों का संचालन एचवीपीएन के हाथों में हैं। निगम के अधिकारियों और कर्मचारियों ने रात को ही बिजली आपूर्ति बहाल करने के प्रयास शुरू कर दिए। बुड़ौली की लाइन का सर्किट हटाकर निगम ने इसे कनीना के पास धनोंदा से आ रही बिजली लाइन के टावर से सर्किट जोड़ा गया, जिससे रात को करीब साढ़े 11 बजे दोनों पावर हाउसों की बिजली आपूर्ति बहाल हुई।

सोमवार सुबह एचवीपीएन के एमएंडपी स्टाफ ने लाइन की पेट्रोलिंग शुरू की, तो कोई फॉल्ट नहीं मिला। बाद में डहीना सब स्टेशन के अंदर ही लाइन के टावर पर लगा लाइटनिंग अरेस्टर फटा हुआ मिला, जिसे बदलने के बाद लाइन को सुचारू रूप से चालू किया जा सका।

### पावर हाउसों में बजते रहे लोगों के फोन

बारिश के बावजूद उमस भरी गर्मी का प्रकोप बना हुआ है। बिजली गुल होने के बाद उपभोक्ताओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। इस दौरान पावर हाउसों में उपभोक्ताओं के फोन देर रात तक बजते रहे। एक ओर निगमकर्मी बिजली आपूर्ति बहाल करने में लगे रहे, तो दूसरी ओर कर्मचारी लोगों के फोन सुनने और उन्हें जवाब देने में व्यस्त रहे। एचवीपीएन के अधिकारियों व अभियंताओं की सूझबूझ के चलते रात को ही मेन पावर सुचारू करने में सफलता मिली। इसके बाद दोनों पावर हाउस एक बार फिर से जगमग हो गए।

### कई फीडरों में बारिश से आया फॉल्ट

बारिश के कारण कई 11 केवीए लाइनें भी फॉल्ट हो गई। इन लाइनों के फॉल्ट होने का कारण पास खड़े पेड़ माना जा रहा है। बरसात के मौसम में पेड़ों की टहनियां बढ़कर लाइनों के संपर्क में आ रही हैं, जिससे बारिश होते ही अर्थिंग के कारण लाइनें फॉल्ट हो जाती हैं। डीएचबीवीएन में फील्ड स्टाफ की कमी के चलते ट्री ब्रांच कटिंग का कार्य भी समय पर पूरा नहीं हो रहा है, जिससे बारिश होते ही भारी होकर पेड़ों की टहनियां बिजली की तारों पर टिक जाती हैं। इससे बिजली फीडर ट्रिक कर जाते हैं।

### दफ्तरों में एसी का लुत्फ उठा रहे 'बाबू'

निगम सूत्रों के अनुसार डीएचबीवीएन में फील्ड की ड्यूटी करने की बजाय एएलएम से लेकर एएफएम तक के कई कर्मचारी सिफारिश के आधार पर बिजली दफ्तरों में बैठकर कागज पलटने के कार्य में लगे हुए हैं। जिन कर्मचारियों को फील्ड में लाइनों की मेंटिनेंस का कार्य करना होता है, वह दफ्तरों में आराम फरमा रहे हैं। दफ्तरों में एसी का लुत्फ उठा रहे है। अकेले बुड़ौली सब डिवीजन में ऐसे एक दर्जन से ज्यादा कर्मचारी बैठे हुए हैं। इससे फील्ड में स्टाफ की भारी कमी देखने को मिल रही है। बिना सिफारिश वाले कर्मचारियों को ही ब्रेकडाउन पर ज्यादा पसीना बहाना पड़ रहा है।

### रात को ही महेंद्रगढ़ से जोड़े पावर हाउस

फॉल्ट के कारण रात को दो सब स्टेशनों की बिजली बंद हो गई थी। बाद में महेंद्रगढ़ लाइन से सर्किट जोड़कर दोनों पावर हाउसों को चालू किया गया। लाइटनिंग अरेस्टर फटने के कारण यह समस्या पैदा हुई, जिसे अब ठीक कर दिया गया है।

**-संजय यादव,** एक्सईएन, एचवीपीएन।



रेवाड़ी। दुकान के बाहर फेंका गया सामान। फोटो :हरिभूमि

### बास बटौड़ी में कब्जा करने पहुंचे लोग

# जमीनी विवाद : दुकान से सामान बाहर फेंका

**खास बातें**

- तीन वाहनों में दो दर्जन से अधिक लोगों ने दुकान में रखा सामान निकालकर बाहर फेंकना शुरू कर दिया
- ग्रामीणों के विरोध व पुलिस के पहुंचने पर आरोपी वहां से भाग गए
- पुलिस ने तीन को हिरासत में ले लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

बास बटौड़ी में जमीनी विवाद को लेकर दो दर्जन से अधिक लोग एक दुकान पर कब्जा करने के लिए पहुंच गए। तीन वाहनों में दो दर्जन से अधिक लोगों ने दुकान में रखा सामान निकालकर बाहर फेंकना शुरू कर दिया।

ग्रामीणों के विरोध व पुलिस के पहुंचने पर आरोपी वहां से भाग गए, लेकिन पुलिस ने तीन को हिरासत में ले लिया। पुलिस ने मामले की जांच व केस दर्ज करने की प्रक्रिया शुरू कर दी। इस दौरान वहां काफी देर तक हंगामा भी हुआ। गांव निवासी सत्यवान ने गांव में ही दुकान की हुई है। सोमवार को दुकान पर उसके वृद्ध माता-पिता मौजूद थे। सत्यवान के अनुसार तीन वाहनों में दो दर्जन से ज्यादा लोग उसकी दुकान पर पहुंच गए। इन लोगों ने उसके माता-पिता को जबरन दुकान से बाहर निकालकर सामान बाहर फेंकना शुरू कर दिया। इसी दौरान बड़ी संख्या में गांव के लोग वहां पहुंच गए। पुलिस को मामले की सूचना दी गई। दोनों पक्षों के बीच जमकर हंगामा भी हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस की ईआरवी व थाना खोल पुलिस मौके पर पहुंच गई। पुलिस के पहुंचते ही कब्जा करने वाले लोग मौके से फरार हो गए। पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में ले लिया। सत्यवान ने बताया कि कुछ लोगों ने गांव में एक प्लॉट खरीदा था। उसके पास खरीदी गई जमीन का पूरा विवरण तक नहीं है। खरीददार उसकी दुकान पर अपना हक जताते हुए उसकी दुकान पर कब्जा करना चाहता है। इस मामले में थाना खोल पुलिस का कहना है कि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। जांच के बाद ही आगे कोई कार्रवाई की जाएगी।

# डंडे की जगह हाथों में थामी झाड़ू, पुलिस थानों और चौकियों में की सफाई

- एसपी के निर्देश पर पुलिसकर्मियों ने चलाया विशेष सफाई अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रेवाड़ी

एसपी हेमेंद्र कुमार मीणा के निर्देश पर सोमवार को पुलिस विभाग ने विशेष सफाई अभियान चलाते हुए थाना-चौकियों और दूसरे स्थानों पर सफाई की। पुलिसकर्मियों ने सुबह के समय श्रमदान करते हुए अपने आसपास के एरिया में सफाई की। इस अभियान में महिला पुलिसकर्मियों ने भी उत्साहपूर्वक भाग लिया।

सुबह के समय सभी पुलिस थानों और चौकियों के साथ-साथ पुलिस लाइन में भी विभागीय कर्मचारी हाथों में झाड़ू व कस्सियां लेकर मैदान में उतरे। पुलिसकर्मियों ने अपने-अपने एरिया में करीब एक घंटे तक श्रमदान किया।

वहां पड़े कचरे को एकत्रित करते हुए उसे डंपिंग यार्ड भिजवाया गया। पुलिस लाइन में झाड़ियों की कटाई करते हुए मैदान साफ किया गया। इस अभियान में लाइन में रहने वाले पुलिसकर्मियों के परिजनों ने भी भाग लिया। पार्क में लगे कूड़े के ढेरों को साफ किया गया। विशेष सफाई अभियान के बाद थाना और चौकी परिसर भी साफ-सुथरे नजर आने लगे।



रेवाड़ी। विशेष अभियान के तहत सफाई करते हुए पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि

### दिनचर्या में शामिल करें श्रमदानः एसपी

इस मौके पर सफाई करने वाले पुलिसकर्मियों के बीच पहुंचे एसपी मीणा ने कहा कि उन्हें श्रमदान को अपनी दिनचर्या का हिस्सा बनाते हुए दिन की शुरूआत सफाई से करनी चाहिए। स्वच्छ वातावरण में दिमाग और शरीर दोनों स्वस्थ रहते हैं। श्रमदान की गतिविधियां दूसरे लोगों को भी सफाई अभियान से जुड़ने के लिए प्रेरित करती हैं। आसपास का साफ वातावरण सकारात्मक ऊर्जा का संचार करता है, इसलिए सफाई अभियान को नियमित रूप से चलाए रखने की आवश्यकता है।

# श्री राधा वल्लभ श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धारूहेड़ा

श्री राधा वल्लभ ज्ञान यज्ञ में श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान- यज्ञ के समापन पर हवन-यज्ञ व भंडारा का आयोजन हुआ। इससे पूर्व कथा वाचन स्वामी प्रेमानंद गिरी जी महाराज हरिद्वार गंगोत्री वाले ने अपने मुखारविंद से 7 दिनों तक उपस्थित श्रद्धालु महिला पुरुषों को संबोधित करते हुए कथा श्रवण करवाई। कथा सुनाते हुए कहा कि जो व्यास पीठ से हमने आप श्रद्धालुओ को कथा पान करवाई है यदि उस में कोई गलती हो गई है तो माफ कर देना जी क्यों कि कथा में श्रोता व वाचक एक दूसरे के इतने करीब हो जाते हैं। अपना परिवार की भांति लगने लगता है। एक दिन तो हमने आपको छोड़कर जाना ही था। भागवत कथा में सैकड़ों की संख्या में प्रतिदिन उपस्थित श्रोताओं को शाम की आरती तक पता नहीं चलता था कि समय क्या हो गया है। क्योंकि बीच-बीच में मंच संचालक काजल सैनी अपने भजनों की गंजों से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया करती थीं। इस कथा में श्री राधा वल्लभ ज्ञान यज्ञ धारुहेड़ा के सभी कार्यकतार्ओं का बहुत-बहुत योगदान तथा समय दान रहा है। अंत में कथावाचक स्वामी जी ने मुखारविंद से राजा परीक्षित का मोक्ष हो गया वाली कथा का श्रवण करवाया। उन्होंने कहा कि भारतीय संस्कृति में कथा को एक धर्म अनुष्ठान का रूप दिया गया है। श्रोता और वक्ता दोनों को कुछ खास कर्मकांड को पूरा करके अपनी भूमि का निर्माण करना होता है। स्वामी गिरि जी महाराज ने साप्ताहिक भागवत कथा में श्रोताओं के हृदय में संवेदनाओं का अंकुरण कर दिया। इन कथाओं को सुनकर अपराधियों को भी बदलते देखा गया है। ऐसा उन्होंने अपने मुखारविंद से कथा के माध्यम से लोगों को सुनाया। उन्होंने कहा सुखदेव जी से कथा सुनकर राजा परीक्षित का मोक्ष हो गया। परीक्षित श्रोता हो और सुखदेव जी जैसे साधक वक्ता हो तो मोक्ष संभव है।इस अवसर पर उन्होंने उदाहरण कृष्ण सुदामा की दोस्ती का भी दिया।इस अवसर पर सुदामा ,कृष्ण के भजन पर श्रोता नाच ने पर मजबुर हुए।अंत में व्यास पीठ से स्वामी ने कथा का विसर्जन है। हवन यज्ञ व भण्डारे में सभी श्रद्धालु महिला पुरुष भण्डारा गृहण करने अवश्य पहुंचना।



धारूहेड़ा। भंडारे में प्रसाद ग्रहण करते श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### कथा के समापन पर यह रहे मौजूद

इस अवसर पर श्री राधा वल्लभ ज्ञान यज्ञ धारुहेड़ा के कार्यकतार्ओं के नाम अध्यक्ष राम प्रसाद सैनी, प्रधान नरेश यादव, विशिष्ट, वरिष्ठ कार्यकर्ता लक्ष्मण सिंह बिष्ट, वरिष्ठ कार्यकर्ता सुबेदार मंगतु राम , महासचिव तिलक राज, कोषाध्यक्ष सुकेश यादव, सुचना एवं प्रसारण एडवोकेट जानवी यादव, विशेष सहयोगी एडवोकेट रोहित सैनी आदि के अलावा अन्य श्रद्धालु महिला पुरुषों ने 7 दिनों से चल रही श्रीमदभागवत कथा ज्ञान यज्ञ में भाग लिया था कथा में होने वाले चमत्कार प्रसंगो का आनंद लिया।

### अवैध हथियार उपलब्ध कराने का आरोपी धरा

**रेवाड़ी।** थाना कसौला पुलिस ने अवैध हथियार उपलब्ध करवाने के मामले में एक और आरोपी को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान राजस्थान के जिला अलवर के गांव बाला डेहरा निवासी सुरजीत गुर्जर के रूप में हुई है। पुलिस इस मामले में तीन आरोपियों को पहले ही गिरफ्तार कर चुकी है। गत 2 जून को पुलिस को सूचना मिली थी कि रोहित निवासी गांव संगवाडी जिसके पास अवैध हथियार है। जो वह अभी आसलवास फ्लाईओवर के नीचे किसी के इंतजार में खड़ा हुआ है। जिस सूचना पर तुरंत रेडिंग पार्टी तैयार करके बताए हुए स्थान पर पहुंच कर साथी मुलाजमान की मदद से आरोपी को काबू करके नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम रोहित निवासी गांव संगवाडी बतलाया। पुलिस द्वारा आरोपी की तलाशी लेने पर 01 अवैध देशी रिवाल्वर व 02 जिन्दा रोंद बरामद हुए। जिस पर पुलिस ने थाना कसौला में शस्त्र अधिनियम के तहत मामला दर्ज करके आरोपी रोहित सहित अवैध हथियार उपलब्ध करवाने वाले दो आरोपी सुमित उर्फ गोलू व लखमी गुर्जर उर्फ लक्की को पहले ही गिरफ्तार कर लिया था।

## न्यूज डायरी

### कपूरी-निमोठ रोड बना दुर्दशा का शिकार



**डहीना।** निमोठ से कपूरी गांव को जोड़ने वाला करीब 4 किलोमीटर लंबा रोड दुर्दशा का शिकार बना हुआ है। इससे दोनों गांवों के साथ-साथ आसपास के गांवों के लोगों को भी आवागमन में परेशानी उठानी पड़ रही है। कपूरी निवासी मनोज चौहान, राकेश, प्रवीन शर्मा, निमोठ निवासी सत्यवान, सोमबीर, सुभाष, अनिल कुमार, राकेश व विजय आदि ने बताया कि इस रोड का निर्माण मार्केटिंग बोर्ड ने कराया था। निर्माण सामग्री घटिया होने के कारण सड़क बनने के बाद ही टूटनी शुरू हो गई थी। अब यह सड़क बुरी तरह टूट चुकी है। इस सड़क से निमोठ, कपूरी, ककराला व रामबास आदि गांवों के लोगों का आवागमन होता है। जर्जर सड़क के कारण लोगों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

### स्टेट लेवल पर खेलेंगी ज्ञापदीप स्कूल की रेसलर



**रेवाड़ी।** ज्ञानदीप स्कूल मोहनपुर की दो रेसलर छात्राओं ने जीत हासिल करते हुए स्टेट लेवल की प्रतियोगिता के लिए क्वालिफाई किया है। इससे विद्यालय में खुशी की लहर है। प्राचार्य सुनीता कुमारी ने बताया कि 45 किलोग्राम भार वर्ग में वीरा पुत्री राकेश कुमार और 24 किलोग्राम भार वर्ग में रिया पुत्री मोनू दमदार खेल दिखाते हुए राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए स्थान पक्का किया है। उन्होंने दोनों रेसलर छात्राओं व उनके अभिभावकों को बधाई दी है। इन उपलब्धियों से विद्यालय परिवार में हर्ष का माहौल है।

### प्रतिभा और आत्मविश्वास से आंका जाएगा टेलेंट



**रेवाड़ी।** आज के दौर में जब प्रतियोगी परीक्षाएं बच्चों पर मानसिक दबाव डाल रही हैं, ऐसे समय में एक नई पहल की जा रही है। बच्चों को केवल अंकों से नहीं, बल्कि उनकी असली प्रतिभा और आत्मविश्वास से आंका जाएगा। इसी सोच को आगे बढ़ाते हुए पहली बार एक अनोखा टैलेंट सर्च एग्जाम आयोजित किया जा रहा है। इस परीक्षा को आयोजित कर रहे शिक्षाविद यतिश सिंघल ने बताया कि हर प्रतिभागी इस परीक्षा में विजेता होगा, क्योंकि यहां केवल टॉपर्स नहीं, बल्कि हर बच्चे को पांच विशेष पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे। उन्होंने बताया कि इस परीक्षा के माध्यम से बच्चों की क्षमताओं को पहचाना जाएगा और उन्हें सही दिशा देने का प्रयास किया जाएगा। विशेष रूप से, परीक्षा के बाद हर बच्चे की व्यक्तिगत काउंसलिंग की जाएगी।

### दो घरों में चोरों की सेंध, नकदी व जेवरात चोरी

**रेवाड़ी।** रविवार की रात भगवानपुर गांव में चोर दो मकानों से नकदी व जेवरात चोरी कर ले गए। सदर थाना पुलिस ने मौका मुआयना करने के बाद चोरी का केस दर्ज कर लिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव निवासी मनोज कुमार ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह किसी काम से राजस्थान के टपूकड़ा गया हुआ था। उसके घर पर कोई नहीं था। सुबह जब वह घर लौटा, तो मकान के ताले टूटे हुए थे। घर का सारा सामान बिखरा हुआ था। चोर उसके मकान की अलमारी से सोने के टॉप्स, चांदी की पायल व जेवरात के साथ-साथ 4 हजार रुपये चोरी कर ले गए। आसपास पूछताछ करने पर पड़ोसी महाबीर ने बताया कि चोर उसके मकान से भी 30 हजार रुपये चोरी कर ले गए। मनोज की सूचना पर थाना सदर पुलिस ने मौके पर जाकर घटनास्थल का जायजा लिया। चोरी का केस दर्ज करने के बाद पुलिस ने आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की मदद से चोरों का पता लगाने के प्रयास शुरू कर दिए।

**प्रशिक्षण** | दो दिवसीय अध्यापक प्रशिक्षण कार्यशाला, क्षमता संवर्धन प्रोग्राम आयोजित

# शिक्षकों को कार्यशाला में दिया गया प्रशिक्षण विभिन्न विषयों पर दी गई जानकारी

- इस कार्यशाला में विभिन्न विद्यालयों से आए 60 टीचरों ने प्रशिक्षण लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोसली

गुजरवास के एक प्राइवेट स्कूल में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ,सीबीएसई द्वारा गत दिनों दो दिवसीय अध्यापक प्रशिक्षण कार्यशाला, क्षमता संवर्धन प्रोग्राम का आयोजन किया गया। इसमें प्रशिक्षक निर्मल पोपली और गायत्री शर्मा सीबीएसई की तरफ से रिसोर्स पर्सन के रूप में उपस्थित रहीं।

इस कार्यशाला में विभिन्न विद्यालयों से आए 60 टीचरों ने प्रशिक्षण लिया और नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति, शिक्षण को कैसे प्रभावी बनाया जाए ,वर्तमान परिदृश्य में शिक्षा के उद्देश्यों को हासिल करने सहित हिंदी विषय को सेकेंडरी कक्षाओं में प्रभावी ढंग से पढ़ाने आदि विषयों पर प्रशिक्षण दिया गया। निर्मल पोपली ने प्रथम सत्र में राष्ट्रीय पाठ्यचर्या की रूपरेखा 2005 पर प्रकाश डाला और हिंदी भाषा शिक्षण को लेकर प्रशिक्षण दिया।

दूसरे सत्र में ब्लूम टैक्सानॉमी, मानक देवनागरी लिपि और वर्तनी को लेकर टीचर्स के साथ वैचारिक आदान-प्रदान करते रिसोर्स पर्सन निर्मल पोपली ने बड़े ही प्रभावी ढंग से प्रशिक्षण दिया। भोजन अवकाश के बाद तृतीय सत्र में रिसोर्स पर्सन गायत्री शर्मा ने हिंदी विषय में पाठ योजना, इसे प्रभावी बनाने और प्रभावी ढंग से क्लास में लागू करने को लेकर टीचर्स के साथ वैचारिक आदान-प्रदान किया ,साथ ही भाषिक कौशल और उनका शिक्षण विषय पर बड़े ही मनोहारी और एक्टिविटी के माध्यम से टीचर्स को अपने साथ जोड़े रखते हुए कुशल प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस प्रशिक्षक निर्मल पोपली ने शिक्षण गदय, पद्म और हिंदी व्याकरण विषय को लेकर अपने अनुभव और पीपीटी की सहायता से शिक्षकों के साथ अपने विचार साझा किए। तदुपरांत अगले प्रशिक्षण सत्र में गायत्री शर्मा ने लेखन, निबंध पत्र एवं विज्ञापन विषय पर प्रकाश डालते हुए किस तरह से बच्चों को लेखन सिखाया जाए इसे प्रभावी बनाने को लेकर बड़े ही ऊर्जा से परिपूर्ण ढंग से शिक्षकों को प्रशिक्षित किया।

अगले प्रशिक्षण सत्र में उन्होंने अपठित बोध गद्यांश एवं काव्यांश विषय को लेकर विभिन्न एक्टिविटीज के माध्यम से टीचर्स को बड़े ही खुशनुमा माहौल में प्रशिक्षित किया ।स्कूल के निदेशक एवं वेन्यू डायरेक्टर अजय यादव ने बताया कि रिसोर्स पर्सन ने बड़े ही प्रभावी ढंग से प्रशिक्षण कार्य को सीबीएसई के नियमानुसार पूरा किया।

यादव ने सीबीएसई के द्वारा प्रशिक्षण कार्यक्रम लागू करने की सराहना की और बताया कि इसके बेहतरीन परिणाम सामने आएंगे।उन्होंने कहा कि शिक्षकों को चाहिए एक्टिविटीज के माध्यम से अपने कंटेंट को रोचक बनाकर बच्चों में रुचि पैदा करें जिससे शिक्षण को और अधिक प्रभावी बनाया जा सकता है।



कोसली। गुर्जरवास में प्रशिक्षण शिविर में भाग लेते प्रशिक्षु अध्यापक। फोटो :हरिभूमि

### इन टीचरों ने लिया कार्यशाला में भाग

इस कार्यशाला में रेखा बाई ,सुनीति शास्त्री ,पूनम, सुनीता ,ज्योति कपूर, सपना, अनीता अरोड़ा, ज्योति सिंह ,सविता देवी ,आजादी, स्नेह लता ,रेखा ,राजेश कुमार, पूनम कुमारी, विक्रम शर्मा, सुषमा कुमारी, रेखा रानी ,मोनिका ,अनीता ,रजनी ,अनु, पुष्पा रानी, कविता, नीतू कुमारी, रिचा, पुष्पा, हेमा ,संतोष, मंजू रानी, साधना कुमारी, रानी चौहान, कविता भारद्वाज, ,चेतना ,देशराज अनिता कुमारी अनीता, संतोष सोनी, किरण, वर्षा, लता, नवनीत बाला, रचित ,पुष्पा कुमारी, मीनाक्षी जांगड़ा ,वीणा ,रवि प्रकाश ,नरेंद्र कुमार ,उजागर सिंह, गोपाल शर्मा, लता मेहंदीरता ,कुमुद शर्मा संजय, रणवीर सहित विभिन्न अध्यापकों ने प्रशिक्षण लिया।

### प्राध्यापक पर किए गए हमले की निंदा, शिक्षक सेफ्टी एक्ट की मांग

- बच्चों के हिंसक व्यवहार और अध्यापकों पर हमले के कई कारण हो सकते हैं

**कोसली।** हरियाणा स्कूल लेक्चरर एसोसिएशन के प्रदेश उपाध्यक्ष रविंद्र भाकली ने भिवानी जिले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय ढाणा लाडनपुर के हिंदी के प्राध्यापक शिवकुमार पर स्कूली बच्चे द्वारा किए गए कातिलाना हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए अध्यापकों पर बढ़ रहे आपराधिक हमले की रोकथाम हेतु शिक्षक सेफ्टी एक्ट बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में पिछले कुछ समय से अध्यापकों पर लगातार अपराधिक हमले बढ़ रहे हैं, जो बहुत ही चिंता का विषय है। उन्होंने बताया कि इसी जुलाई माह में ही हिसार जिले के एक स्कूल में प्रधानाचार्य की निर्मम हत्या और कैथल जिले के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेरहदा में शिक्षक पर गंभीर रूप से हमला हुआ था। उन्होंने कहा कि बच्चों के हिंसक व्यवहार और अध्यापकों पर हमले के कई कारण हो सकते हैं। इन कारणों को समझना और उपाय लागू करना आवश्यक है। बच्चों द्वारा शिक्षकों पर हमला एक अत्यंत चिंताजनक और दुखद घटना है। शिक्षकों को अक्सर ऐसी अप्रत्याशित और खतरनाक स्थितियों का सामना करना पड़ता है, जो उनके मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य के लिए हानिकारक हो सकता है।